हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 अगस्त 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 सताधिक स्थानों पर विराजे गौरीनंदन...



07 प्रशस्ति-पत्र और 51 हजार रुपए की राशि से किया गया...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री चौहान आज विदिशा आएंगे

**विदिशा।** केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गुरुवार को विदिशा में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। गुरूवार सुबह 9 बजे भोपाल की स्मार्ट सिटी से विदिशा के लिए रवाना होंगे। 10.30 बजे सुबह विदिशा आगमन होगा। इसके बाद स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शाम 4 बजे विदिशा से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### मॉनिटरिंग सेल की बैठक आज 2 बजे से

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग सेल की बैठक आज गुरुवार को होगी। जिला न्यायालय के मीटिंग हॉल में यह बैठक दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। एजेंडा सूची के विषयों पर आधारित जानकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्वयं अनिवार्यता उपस्थिति होने की सूचना दी गई है।

### 2 प्रकरणों में जिला बदर की कार्रवाई की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता ने 2 प्रकरणों में जिलाबदर के आदेश जारी कर दिए। खिलान सिंह पिता स्वर्गीय कंछेदीलाल अहिरवार उम्र 39 साल निवासी मेहलुआ चौराह थाना कुरवाई और लोकेश राजपूत पिता मंगल सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी लड्डू एजेंसी वाली गली गंजबासौदा को विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह-छह माह के निष्कासित किया है।

### 6 आरोपियों पर 1-1 हजार इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना त्योंदा के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए एक-एक हजार का इनाम देने की घोषणा की है। थाना त्योंदा में दर्ज अपराध में फरार आरोपियों में रामसेवक पुत्र गंगाराम तिवारी, चन्द्रेश पुत्र रामसेवक तिवारी, देवराज पुत्र रामसेवक तिवारी, अनुराग पुत्र चन्द्रेश तिवारी, रामसखी बाई पत्नि कृष्ण कुमार तिवारी, सुरभि पुत्री रामकृष्ण तिवारी निवासी ग्राम घटेरा थाना त्योंदा जिला विदिशा की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले को इनाम की राशि दी जाएगी।

### युवाओं का उत्साह 351 ने दौड़ पास की

**विदिशा।** अग्निवीर भर्ती रैली के पांचवें दिन 26 अगस्त को मप्र के नर्मदापुरम, अशोकनगर एवं दामोह जिले के युवाओं ने अपना दमखम दिखाया। कुल 699 पंजीकृत उम्मीदवारों में से 519 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 351 युवाओं ने दौड़ परीक्षा पास की। उम्मीदवारों ने आपसी प्रतिस्पर्धा में उत्साह एवं शारीरिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया। दौड़ पास करने वाले सभी अभ्यर्थियों को अब आगामी शारीरिक प्रवीणता, दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा।

### पुलिस महानिदेशक ने किया जेल का निरीक्षण

**विदिशा।** विशेष पुलिस महानिदेशक वरुण कपूर ने बुधवार को जेल का निरीक्षण किया। जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की देखभाल, साफ-सफाई, भोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा, आपराधिक रिकॉर्ड और जेल में शांति बनाए रखने के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया। विशेष पुलिस महानिदेशक ने जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और जेल में बंदियों के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जेल अधीक्षक प्रियदर्शन श्रीवास्तव, सीएसपी अतुल सिंह, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान मौजूद थे।

# वात्सल्य में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश









**विदिशा।** वात्सल्य विद्यालय में श्री गणपति जी की स्थापना के साथ ही गणेशोत्सव की शुरूआत हो गई है। विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय प्रमुख नम्रता अरोरा, रुचिरा अरोरा एवं संजय शर्मा द्वारा भगवान गणेश की स्थापना की गई। शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के समूह ने भगवान गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए जोश एवं उत्साह से मंच पर गणेशजी की स्थापना करके आरती की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में स्पेशल डीजी अनिल कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव, एडिशनल एसपी डॉ.प्रशांत चौबे, पवन कुमार, विकासखंड अधिकारी आरके जैन, बीआरसी नीलेश जी, अशोक गोयल, पार्षद प्रतिनिधि तीरथ दरबार मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों ने इस भव्य समारोह एवं छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों से भाव-विभोर होते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी प्रतिभा के प्रर्दशन का अवसर मिलता है।

### सीनियर सिटीजन के लिए न्याय का संबल बनी विदिशा पुलिस पंचायत

# बिखरते हुए रिश्तों के बंधन पर फिर से मरहम लगाकर परिवार जोड़ रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बुधवार को एसपी कार्यालय में एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक आयोजित की गई। यह पंचायत बुजुर्गों को न्याय दिलाने और पारिवारिक विवादों का समाधान करने एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में स्थापित है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, दिनेश वाजपेयी, पार्थ पीतलिया, प्रमोद व्यास, आरके कुलश्रेष्ठ एवं अजय टंडन उपस्थित रहे। न्याय के लिए भटकने वाले बुजुर्गों को पुलिस पंचायत के माध्यम से आसानी से न्याय मिल रहा है।



**विदिशा।** बुजुर्गों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे एडिशनल एसपी।

#### बैठक में चार प्रकरणों की सुनवाई की गई

एक बुजुर्ग मां ने गुहार लगाई कि उसकी बेटी उसे संपत्ति में हिस्सा नहीं दे रही है। आवेदिका पिछले 15 वर्षों से बेटी-दामाद के घर रह रही थी और घरेलू एवं व्यावसायिक कार्यों में सहयोग कर रही थी। जब उसने दुकान और आय-व्यय का हिसाब मांगा, तो बेटी ने कुछ रुपए देकर उसे घर से निकाल दिया। पंचायत में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। पूछने पर बुजुर्ग माँ ने कहा कि वह बेटों के घर नहीं रहना चाहती क्योंकि वहाँ शराब पीकर विवाद होते हैं। लंबी समझाइश के बाद यह तय हुआ कि बेटे और बेटी मिलकर मां के लिए अलग कमरा बनाएंगे तथा शेष हिसाब की राशि भी देंगे। भावुक माहौल में मां और संतान ने आपसी सहमति जताई और गले लगकर मामला समाप्त किया गया। एक बुजुर्ग महिला ने आवेदन दिया कि उसके बेटों व बहुओं में किराए और पारिवारिक मामलों को लेकर लगातार झगड़े होते रहते हैं। पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को समझाया गया कि यदि आपसी विवाद समाप्त नहीं हुए तो धन, समय, इज्जत और बच्चों के भविष्य को नुकसान पहुंचेगा। सभी को सामाजिक और वैधानिक दृष्टि से समझाइश दी गई और तय हुआ कि सात दिन के भीतर परिवारजन आपस में बैठकर सहमति का फॉर्मूला निकालेंगे तथा अगली बैठक में इसकी जानकारी देंगे।

#### शराब पीकर मां को मारता था बेटा

एक बुजुर्ग मां ने आरोप लगाया कि उसका बेटा शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। पंचायत व पुलिस अधिकारियों ने बेटे को उसके दायित्व और कानूनी कर्तव्यों की जानकारी दी तथा समझाया कि यदि वह गलत रास्ते पर चला तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर सजा भी हो सकती है। अपनी गलती का एहसास होने पर बेटा माँ के पैरों में सिर रखकर बार-बार क्षमा मांगने लगा। भावुक क्षणों में माँ ने बेटे को गले लगाकर माफ कर दिया और मामला सहमति से समाप्त हुआ।

#### गाड़ी खड़ी करने को लेकर था विवाद

एक सीनियर सिटीजन महिला ने शिकायत की कि उसका भाई घर के गेट पर गाड़ी खड़ी कर देता है जिससे उसे आने-जाने में परेशानी होती है।
पंचायत ने दोनों पक्षों को समझाइश दी, अन्य तथ्यों पर चर्चा की गई और मामले की आगे की कार्यवाही हेतु अगली तिथि तय की गई।

### पैसा लेकर भागे कियोस्क संचालक पर कार्रवाई की मांग



**विदिशा।** हितग्राहियों का जमा पैसे लेकर फरार हुए किलेअंदर के एसबीआई कियोस्क सेंटर संचालक विनय सक्सेना की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं बुधवार को कोतवाली थाने पहुंची। पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली थाने में पहुंचकर संचालक सक्सेना और उसकी पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। संचालक लंबे समय से लोगों के पैसे जमा कर रहा था। पुलिस के दबाव में उसकी पत्नी ने कुछ हितग्राहियों को थोड़े पैसे लौटाए। शेष राशि बुधवार को लौटाने का वादा किया था, लेकिन कई घंटे इंतजार के बाद भी वह नहीं पहुंची। तो महिलाएं थाने पहुंच गईं। हितग्राही बेनी बाई ने बताया कि संचालक उनके 60 हजार रुपए लेकर भाग गया। पत्नी ने सिर्फ 10 हजार रुपए लौटाए। ममता भार्गव को भी पुलिस के दबाव में आधी राशि मिली है। ईशा भार्गव और उनकी मां के 2 लाख 60 हजार रुपए जमा थे, उन्हें भी थोड़े रुपए ही मिले हैं। पीड़ित महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जमा राशि जल्द नहीं लौटाई गई तो वे आंदोलन करेंगी। उनकी पुलिस से मांग है कि सभी हितग्राहियों को उनकी जमा राशि दिलाई जाए।

# शव रखकर परिजनों ने 4 घंटे किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कस्बा बागरोद

कस्बा बागरोद में बुधवार सुबह 35 वर्षीय क्रांति बाई लोधी की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने 4 घंटे तक तक शव रखकर चक्काजाम किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला की मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से हुई है, लेकिन पुलिस प्रशासन राजनीतिक दबाव में आकर डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज नहीं कर रहा। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर महिला का शव अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। मृतका के पति गोपाल सिंह लोधी ने पुलिस पर भी आरोप लगाए कि थाना प्रभारी ने एफआईआर दर्ज करने में टालमटोल की। उन्होंने कहा कि रात करीब 8 बजे पुलिस ने दबाव में जल्दबाजी दिखाते हुए महिला का पोस्टमार्टम करवा दिया था, जिसे फिर से कराया गया।

#### परिजन अड़े रहे तो करनी पड़ी एफआईआर

चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राय और एसडीओपी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। परिजनों को थाने ले जाकर एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने मृतका का दोबारा पोस्टमार्टम कराने शव को जिला चिकित्सालय भेजा। झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया। अधिकारियों के आश्वासन और कार्रवाई के बाद परिजनों ने हाईवे से जाम हटाया। इस घटना से एक बार फिर ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टरों की कार्यप्रणाली और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में गंजबासौदा एसडीएम विजय राय ने बताया कि महिला के शव को ले जाकर चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# अज्ञात कारण से मोटर बाइंडिंग की दुकान में लगी आग, 5 लाख रुपए का नुकसान

- दमकल के पहुंचने से पहले ही पूरा सामान जलकर खाक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



हॉस्पिटल रोड पर प्रखर डायग्नोसिस के सामने अनिल राठौड़ की मोटर बाइंडिंग की दुकान में मंगलवार रात 2 बजे के आग लग गई। सूचना मिलते ही अनिल राठौड़ मौके पर पहुंचे तब तक आग से सब कुछ नष्ट हो गया था। हालांकि दमकल भी मौके पर पहुंच चुकी थी। अनिल ने बताया कि आगजनी में लगभग 4 से 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगना कारण नहीं हो सकता क्योंकि वह अपनी दुकान की लाइट पूरी तरह बंद करके जाते हैं। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

### ट्रेनों में चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**विदिशा।** जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाली एक महिला को बुधवार को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदिग्ध महिला को पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम हीना उर्फ अर्चना नाडे बताया। 37 वर्षीय हीना नागपुर के रहाटे नगर टोली की रहने वाली है। पुलिस ने उसके पास से करीब 1.5 तोला सोना और 200 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। इनकी कुल कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए है। बरामद सामान में एक तोला वजन का सोने का मंगलसूत्र है, इसके अलावा 5 ग्राम वजन के सोने के कान के बाले, चांदी के जेवरों में 50 ग्राम की कोंनी, 100 ग्राम वजन की दो चेन, 35 ग्राम वजन की एक जोड़ी पायल सहित अन्य सामग्री भी है।

# पॉलिथिन मुक्त विदिशा बनाने पहले दिन अपना घर आश्रम ने 1130 कपड़े के थैले बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा को स्वच्छ, पर्यावरण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने के लिए बुधवार को अपना घर आश्रम द्वारा कपड़े के थैले बांटे गए।

कपड़े के थैले को समाज तक आसानी से पहुंचाने के लिए आश्रम के सदस्यों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को विजन बताया कि आश्रम लगभग 15 हजार कपड़े के थैली निशुल्क नगर में वितरित करेगा। कलेक्टर द्वारा इसे मात्र 1 की राशि लेकर वितरित करने की बात कही। जिससे लेने वाले का स्वाभिमान भी बना रहे और इस निशुल्क सेवा का अनुचित उपयोग न हो सके। गणेश चतुर्थी के दिन सुबह सब्जी मंडी में अपना घर आश्रम के पदाधिकारी, नगर में पर्यावरण एवं स्वच्छता हेतु समर्पित सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने लगभग 1130 थैलों को बांटकर लोगों को जागरुक किया। लोगों से पॉलिथिन की थैलियों में रखा सब्जी, फल, खाली कराकर कपड़ों के थैलों में रखवाया और उन पॉलिथिन थैलियों को नष्ट किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।




### पुस्तक मेला: अच्छी किताबों को हमें अपना सच्चा दोस्त बनाना चाहिए

# कहानी, कविता से बनता है जीवन: राजेश बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा आयोजित विदिशा पुस्तक मेला के चौथे दिन जिंदगी में कहानी और कविता विषय पर साहित्यिक सत्र का आयोजन हुआ।

सत्र में वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं फिल्मकार राजेश बादल ने कहा कि महान कलाकारों की हमें शोहरत तो दिखाई देती है, लेकिन उनके संघर्ष नहीं दिखते। इन्हीं संघर्षों को पार कर वे लोकप्रियता की ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को प्रेरणा देते हैं और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहेंगे। संवाद का संचालन ओब्जर्वर के संपादक शशि केसवानी ने अपनी शेर-ओ-शायरी से सजाई अनूठी शैली में किया। इस अवसर पर कवि सुधीर सक्सेना ने कविता और प्रेम के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छी किताबों को हमें अपना सच्चा दोस्त बनाना चाहिए। उन्होंने अपनी एक कविता का पाठ भी किया। राजेश बादल ने गजल सम्राट जगजीत सिंह की उदारता और साहित्यकार वृंदावनलाल वर्मा, मैथिलीशरण गुप्त व साहिर लुधियानवी से जुड़े प्रसंग साझा किए। वहीं शशि केसवानी ने भोपाल गैस त्रासदी पर लिखी जा रही अपनी पुस्तक से जुड़े अनुभव बताए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भोपाल से आए वरिष्ठ साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह के रूप में किताबें भेंट कर स्मरणीय बनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी व नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर साहित्यकार, साहित्य प्रेमी तथा संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, डीपीसी आरपी लखेर मौजूद रहे।



#### पुस्तक मेला में आज होंगे यह कार्यक्रम

पुस्तक मेले में आज कथा नगरी की सैर की जानकारी द्युतिमा शर्मा द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को दी जाएगी। भास्कर इन्द्रक्रांति के द्वारा सुबह 11 बजे से आओ सीखे प्रश्न पूछने की कला की विद्या से अवगत कराएंगे। जिसमें कक्षा छटवीं से आठवीं तक के विद्यार्थि शामिल होंगे। शाम 5 बजे से पुरातत्वीय चर्चा की जाएगी। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आयुक्त योगेन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि अली अहमद के अलावा वक्ताओं में वरिष्ठ पत्रकार गोविंद सक्सेना, अरविंद शर्मा, समाजसेवी अरविन्द श्रीवास्तव, साहित्यकार शिवकुमार तिवारी मौजूद रहेंगे।

# अभयराज पचौरी गणेशोत्सव चल समारोह के संयोजक नियुक्त



**विदिशा।** गणेशोत्सव चल समारोह को लेकर बुधवार को जालोरी गार्डन में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने की। बैठक में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी की अनुशंसा पर वरिष्ठ पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से अभयराज पचौरी को गणेश उत्सव चल समारोह का संयोजक तथा अतुल कटारे को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि 6 सितंबर को गणेश विसर्जन होगा। इस अवधि में कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनकी रूपरेखा पर भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में गणेश उत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव साझा किए।

## खबर संक्षेप

### नदी और घाटों पर किया विसर्जन



**गंजबासौदा।** गत दिवस अखंड सुहाग की कामना एवं मनचाहा वर पाने के लिए सुहागिनों और युवतियों ने हरतालिका तीज का व्रत रखा और रात में भगवान शिव पार्वती की प्रतिमा बनाकर उसका पूजन अर्चन किया। इसके बाद बुधवार की सुबह सभी व्रत धारियों ने बेतवा नदी सहित विभिन्न नदियों और जलाशयों पर पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर भगवान शिव पार्वती की प्रतिमाओं का विजर्सन किया।

### जिला बदर की हुई कार्रवाई

**गंजबासौदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल कुमार गुप्ता ने एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर की कार्रवाई की गई है। अनावेदक लोकेश राजपूत पिता मंगल सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी लड्डा ऐजेन्सी वाली गली शामिल हैं। पूर्व उल्लेखितों के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्रवाई का आदेश जारी हुआ है। अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**गंज बासौदा।** बुधवार को कुरवाई कैथोरा स्टेशन के पास पंजाब मेल एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शरीर क्षत विक्षत हो गया। मृतक सफेद कुर्ता, सफ़ेद रंग की धोती, सफेद रंग का एक गर्म ईनर पहने था तथा एक सफेद गमछा डाले हुए था। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर उसे परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### हुआ सम्मेलन कार्यक्रम

**गंज बासौदा।** विगत दिवस त्योंदा में विश्व हिन्दू परिषद के 61 वें स्थापना दिवस पर समिति सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में त्योंदा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सभी खंडों के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन 1964 में जन्मा विश्व हिन्दू परिषद आज 61 वर्ष का हो गया है। इन 61 वर्षों के सफर में हमने अपने कार्य के आधार पर हिन्दू समाज में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

# नपा ने 10 चयनित हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गणेश चतुर्थी पर्व इस बार नगर के दस परिवारों के लिए जीवनभर यादगार बन गया। नगर पालिका परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित 10 हितग्राहियों को उनके नव-निर्मित घरों की चाबियाँ सौंपकर गृह प्रवेश कराया। पहले किराये के मकानों या झोपड़ीनुमा घरों में जीवन गुजार रहे ये परिवार अब अपने पक्के, सुरक्षित और सम्मानजनक घर में रहने का सपना पूरा कर पाए हैं। गृह प्रवेश के अवसर पर परिवारों की आँखों में आँसू और चेहरों पर मुस्कान साथ-साथ दिखाई दी। योजना से



लाभान्वित हितग्राहियों का कहना है कि हम बरसों से झोपड़ी में रह रहे थे, हर बारिश हमारे लिए चिंता लेकर आती थी। अब भगवान गणेश की कृपा और सरकार की मदद से हमें अपना घर मिला है। यह हमारे बच्चों के भविष्य की सबसे बड़ी सुरक्षा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवारों को किस्तों में आर्थिक सहायता दी जाती है और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सभी दस घरों का समय पर निर्माण पूरा होना और पर्व के अवसर पर गृह प्रवेश होना, नगर के लिए भी गर्व का विषय है। गृह प्रवेश कार्यक्रम ने इन परिवारों को सिर्फ आश्रय ही नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास भी प्रदान किया है। गणेश चतुर्थी पर मिला यह तोहफा उनके जीवन में स्थायी सुख-शांति का आधार बनेगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 बीएलसी घटक के तहत गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को पीएमवाय के दस हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया है उनमें वार्ड छह के चार हितग्राही जिसमें पिछडा वर्ग के विनोद सेन, रामकुमार, अनुसूचित जाति के बुद्धा और सामान्य वर्ग के राजू शामिल है। वहीं वार्ड क्रमांक 13 में पिछडा वर्ग के तीन हितग्राही कैलाश, प्रेमबाई और प्रेम सिंह यादव को तथा वार्ड क्रमांक सात में दो हितग्राही रविन्द्र प्रजापति और बृजेश को जबकि वार्ड दस में अनुसूचित जाति के लाभावित हितग्राही करन सिंह अहिरवार को गृह प्रवेश कराया गया है। सम्पन्न हुए गृह प्रवेश में लाभांवित होने वाले नौ पुरूष और एक महिला हितग्राही शामिल हैं।

## गुस्साए परिजनों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

कस्बा बागरोद में एक प्रायवेट डॉक्टर से उपचार के बाद महिला की मौत के मामले में परिजनों ने बुधवार को उसका शव मुख्य मार्ग पर रखकर प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम के समय बुखार की शिकायत पर ग्राम बर्री निवासी 45 वर्षीय क्रांतिबाई लोधी को बुखार आने पर परिजन कस्बा बागरोद स्थित क्लिनिक में ले गए थे। जहां डॉक्टर लखन रघुवंशी द्वारा इंजेक्शन देने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई। त्योंदा अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों का आरोप है प्रायवेट डॉक्टर के गलत उपचार से महिला की मौत हो गई, वहीं पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी बिना उनकी इजाजत के रात में ही पोस्टमॉर्टम कर दिया था। बुधवार सुबह ग्राम बर्री के ग्रामीणों और मृतिका के परिजनों ने त्योंदा के मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एसडीएम विजय राय, एसडीओपी शिखा भलावी, त्योंदा थाना प्रभारी बबीता चौधरी मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने महिला का शव परीक्षण विदिशा में कराने का आश्वासन दिया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बा बागरोद जाकर आरोपी की क्लिनिक को सील कर दिया। बीएमओ डॉ. प्रवेन्द्र तिवारी ने बताया कि तहसीलदार ऋतु राय, डॉक्टर नीतिश गुर्जर मौके पर पहुंचे और अवैध क्लिनिक को सील किया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन शांत हुआ।

## नगर में दर्जनों स्थानों पर विराजमान हुए विघ्नहर्ता श्रीगणेश

# सताधिक स्थानों पर विराजे गौरीनंदन श्रीगणेश, इलाके में गणेशोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार से गणेशोत्सव नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शुरु हो गया है। जिसके चलते नगर में दर्जनों स्थानों पर बाल उत्सव समितियों एवं गणेश उत्सव समितियों द्वारा झांकियां लगाई गई हैं। जहां पर बाल उत्सव समिति के सदस्यों ने विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना कराई। अब आगामी दस दिनों तक इलाका गणेश भक्ति में डूबा रहेगा।

यहां उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी पर मूर्ति स्थापना से पहले ही भगवान गणेश की प्रतिमाओं की जमकर बिक्री शुरु हो गई थी। जो बुधवार को भी शाम तक जारी रही। एक ओर जहां ट्रेक्टर, ट्राली, कार, ऑटो, बाइक सहित अन्य वाहनों पर श्रद्धालु भगवान गणेश की प्रतिमाऐं नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लेकर रवाना हुए। वहीं घर घर भी गणेश जी को नागरिकों द्वारा



विराजमान कर उनका विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस वर्ष बाजार में विभिन्न छवि वाली गणेश प्रतिमाओं को देखा गया। बुधवार 27 अगस्त से शुरू होकर यह गणेशोत्सव आगामी 10 दिनों तक अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। अनंत चतुर्दशी के दिन घरों एवं पंडालों में विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमाओं का बेतवा, केवटन, सिंध, खानवा सहित विभिन्न जलाशयों में विसर्जन किया जाएगा। इस बार नगर में दर्जनों भर स्थानों पर बड़ी झांकियों के लिए पंडाल स्थापित किए गए हैं। वहीं अनेक स्थानों पर गली मोहल्लों में छोटी झांकियां बच्चों द्वारा लगाई गई हैं। बरेठ, उदयपुर, अंबानगर सहित त्योंदा तहसील मुख्यालय पर भी श्री गणेश स्थापना के लिए पंडाल बनाए गए हैं। दूसरी ओर मीडिया कंप्यूटर कॉलेज में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बड़े हर्षोल्लास के साथ गणपति बप्पा की स्थापना की गई। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह



रघुवंशी उपस्थित रहे और उन्होंने बप्पा की आराधना कर नगरवासियों एवं विद्यार्थियों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस बार के मीडिया के बप्पा का स्वरूप लाल बाग के राजा की तर्ज पर है, जिनका भव्य स्वरूप सभी को आकर्षित कर रहा है। गणपति की प्रतिमा को समस्त छात्र-छात्राओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच कॉलेज प्रांगण में लाकर स्थापित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधान पहने हुए थे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी ने मिलकर गणेश वंदना एवं आरती की। विधायक रघुवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश जी विघ्नहर्ता हैं और उनके आशीर्वाद से हर कार्य सिद्ध होता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और संस्कृति दोनों को आत्मसात करने का आह्वान किया। गणेशोत्सव की भव्य शुरुआत ने परिसर को श्रद्धा और उत्साह से सराबोर कर दिया।

## पारासरी नदी का जल, मिट्टी भेंट की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के भोपाल आवास पर गंज बासौदा के सौंठिया के सरपंच रामगोपाल यादव, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव तथा कप्तान सिंह यादव, भविष्य यादव ने पराशरी नदी का जल और मिट्टी ले जाकर भेंट की। यहां उल्लेखनीय है कि मंत्री प्रहलाद पटेल की पहल पर पारासरी नदी के उद्‌गम से गहरीकरण और पौधरोपण किया जा रहा है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी वस्तुओं की होली जलाई



**गंजबासौदा।** स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय आव्हान पर बुधवार को स्वदेशी सुरक्षा स्वाबलंबन अभियान के बैनर तले सुभाष चौक पर विदेशी वस्तुओं से बने पुतले को जलाया गया। इस मौके पर जिला पूर्णकालिक अंकित पाठक, विभाग सह संयोजक सुखजीत सिंह बुमराह, जिला समन्वयक परसराम दुबे ,भाजपा नेता रूपेंद्र शर्मा ,शंभू दयाल विश्वकर्मा ,जिला सह संयोजक रोहित अग्रवाल, सह संयोजक विकास अहिरवार, मोहन रघुवंशी, शैलेश गायकवाड़, नीरज तेनगुरिया, देवेंद्र रघुवंशी, हरिओम चौबे, राजीव श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह कुर्मी, रचित अग्रवाल ने संबोधित कर विदेशी वस्तुओं के उपयोग के घातक परिणामों के विषय में बता कर स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग का आव्हान किया। इस मौके पर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत विरोधी टैरिफ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं स्वदेशी के नारे लगाए गए। इस मौके पर बड़ी संख्या में जागरूक नागरिक उपस्थित थे।

## शिवार्चन समिति ने किया विशाल भंडारा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रावण मास में अलग अलग ज्योर्तिलिंग पर 11 दिवसीय शिव अभिषेक और शिव स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान करने वाली शिवार्चन सेवा समिति द्वारा इस श्रावण मास में भगवान सोमनाथ धाम में धार्मिक आयोजन किया और विशाल भंडारा किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए शिवार्चन सेवा समिति के पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया है कि यात्रा के चौथे वर्ष में इस वर्ष भगवान सोमनाथ के धाम मे 11 दिवस रूककर 200 श्रदालुओं ने शिव अभिषेक किया। इसके उपरांत द्वारका धाम भेट द्वारका नागेश्वर धाम की यात्रा की। रघुवंशी ने बताया कि भगवान सोमनाथ यात्रा पर गये सभी श्रद्धालुओं को एक एक चांदी का आकर्षक सिक्का प्रदान किया गया। जिसमे एक तरफ भगवान शिव की प्रतिमा और दूसरी तरफ शिवार्चन सेवा समिति लिखा हुआ है। पं. प्रमेहानंद शास्त्री द्वारा प्रतिवर्ष अलग



अलग शिव स्थानों पर जाकर शिव अभिषेक शिव ज्योर्तिलिंगो पर किया जाता है। शिव का अर्थ विश्वरूप है यानि सारी सृष्टि स्यवं शिव का ही रूप है। समिति के लाल साहब, पर्वत सिंह ने बताया कि शिव यात्रा से लौटने के उपरांत सत्यनारायण भगवान की कथा और विशाल भंडारा प्रति वर्ष किया जाता है। इस बार मां महामांई के दरबार मे विशाल भंडारा रखा गया, जिसमें विशाल संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। माता के मंदिर पर कलाकारों द्वारा माता के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। जिसने उपस्थित श्रदालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में पं. प्रमेहानंद शास्त्री मुख्य यजमान मुरली सिंह रघुवंशी, शिवार्चन सेवा समिति के लालसाहब, पर्वत सिंह, बालाराम, रमेश सिंह, निर्भय सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह और पृथ्वी सिंह रघुवंशी का फूलमाला और शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## सिटी पुलिस ने तीन गांजा तस्कर पकड़े




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सिटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 9.810 किलो ग्राम गांजा कीमत 1,00,000 रुपये एवं 2,000 रुपये नगदी जब्त की है। इस संबंध में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों में अजय यादव उम्र 28 वर्ष, सुषमा यादव उम्र 50 वर्ष निवासी स्वरूपनगर, सुरेश सेन उम्र 60 वर्ष निवासी लालपठार शामिल हैं।

कार्रवाई में टीआई संजय वेदिया, सियाराम शर्मा, सुरेश रघुवंशी, अरुण छारी, अभिषेक शुक्ला, सुमित अवस्थी, दीपेश यादव, राहुल सरवैया, सुरेन्द्र मुवेल, सौरभ, शिवप्रताप, सतीष तिवारी, सुरजीत जाट, रानी कन्नौजिया, शिवानी मिश्रा, आजाद सिंह दांगी, जगदीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में पूरे देश से शामिल होंगे समाजबंधु

# राष्ट्रीय महाअधिवेशन में जुड़ेंगे समाजबंधु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सकल रघुवंशी समाज के सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक उत्थान को लेकर एक राष्ट्रीय स्तर का महाअधिवेशन 5 एवं 6 सितंबर को इस बार मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के चांद रोड स्थित वृंदावन लॉन में आयोजित किया गया है। दो दिनों तक चलने वाले इस विराट महाअधिवेशन में विदिशा जिले सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से हजारों की संख्या में रघुवंशी समाज के लोग पहुँचेंगे। महाअधिवेशन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से रघुवंशी समाज के बंधुओं को महा अधिवेशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन समिति के चक्रपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस महाअधिवेशन की नींव यज्ञ सम्राट साकेतवासी रघुवंश भूषण संत शिरोमणि श्री 1008 महामंडलेश्वर कनकबिहारी दास महाराज के विचारों और आशीर्वाद से रखी गई है। अपने जीवन में उन्होंने केवल तपस्या और प्रभु भक्ति ही नहीं की बल्कि आखिरी सांस तक समाज को जोड़ने, संगठन की शक्ति को सशक्त करने में अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। उन्हीं की विचारधारा से प्रेरित होकर समाज के लोग एक मंच पर एकत्र होकर भविष्य की दिशा तय करेंगे। दो दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 21 बिंदु रखे गए हैं। सामाजिक स्तर पर जिनकी समाज के बीच चर्चा होगी। इसमें केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और अन्य प्रांतों से भी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस भव्य आयोजन को लेकर समाज में विशेष उत्साह है। उन्होंने बताया कि आयोजन समाज के संगठन, उत्थान और एकता की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। आयोजन समिति ने सभी रघुवंशी परिवारों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक महाअधिवेशन को सफल बनाएं। समाज का हर सदस्य इस आयोजन का भागीदार है और सभी को अपने-अपने स्तर पर योगदान देने की अपेक्षा है। समाज की आत्मा को एक सूत्र में बंधने वाला होगा। अधिवेशन आयोजन समिति का कहना है कि छिंदवाड़ा में होने वाला सकल रघुवंशी समाज का यह महाअधिवेशन केवल एक सभा नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को एक सूत्र में बांधने वाला महायज्ञ है। इसमें शामिल होकर हर रघुवंशी अपने गौरव, अपने पूर्वजों की परंपरा और अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करेगा। जिस प्रकार रघुकुल ने हमेशा त्याग,सत्य और धर्म की राह दिखाई है, उसी तरह यह अधिवेशन भी समाज को नई ऊर्जा, नया उत्साह और नई दिशा देने का कार्य करेगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वंशजों ने हमेशा त्याग, सेवा और धर्म की रक्षा के लिए समाज को प्रेरित किया, उसी परंपरा को जीवित रखने के लिए ऐसे अधिवेशनों की आवश्यकता है।

## मुकेश सेन का समाज बंधुओं ने किया सम्मान



**गंजबासौदा।** विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश सेन को नियुक्त किए जाने एवं उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समस्त सेन समाज बंधुओ की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुकेश सेन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर राम रतन सेन, चंद्रहास सेन, विजय कुमार सेन, डॉक्टर सुमेर सेन, शिव नारायण सेन, रामबाबू सेन, नारायण प्रसाद सेन, भूपेंद्र सेन, केश सौदान सिंह सेन, नरेश सेन, गोरेलाल सेन, राहुल सेन, कैलाश सेन, प्रहलाद सिंह सेन, बबलू सेन, रानू सेन एवं समाज बंधु मौजूद थे।

## आयोजित होगा 10 दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को दिगंबर जैन संप्रदाय का सबसे बड़ा पर्व दसलक्षण पर्व प्रारंभ होने जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर में विराजमान संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज के सान्निध्य में 10 दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन स्थानीय महावीर विहार में आयोजित किया जा रहा है। इस श्रावक संस्कार शिविर में 150 से अधिक शिविरार्थी शामिल हो रहे हैं, जो कि आगामी 10 दिनों तक अपने अपने घर का पूर्णतः त्याग कर व्रत और संयम के साथ धर्म और ध्यान को धारण करेंगे। नवाचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित होने वाले श्रावक संस्कार शिविर में शिविरार्थी हथकरघा से निर्मित शुद्ध एवं अहिंसक वस्त्र ही धारण करेंगे एवं प्रातः 4:30 बजे से उठकर प्रार्थना एवं ध्यान से दिन की शुरुआत होगी और दिनभर मेंटर धार्मिक एवं आध्यामिक क्रियाकलापों के साथ





रात्रि 9 बजे मौन होकर धर्मशाला में ही शयन करेंगे। इस आत्मकल्याण शिविर के पुण्यार्जक बनने का अवसर जयंती बाई, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, सुशील कुमार चार्ली चाट परिवार को प्राप्त हुआ है। पर्यूषण पर्व जिन्हें हम दस लक्षण पर्व भी कहते हैं के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना होगी। स्थानीय महावीर विहार में विराजमान निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज के द्वारा प्रातः काल 9 बजे से प्रवचन श्रृंखला में उत्तम क्षमा धर्म पर आधारित विशेष प्रवचन सुनने का अवसर समाज को प्राप्त होगा।

### संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन का अलंकरण समारोह का आयोजन

# प्रशस्ति-पत्र और 51 हजार रुपए की राशि से किया गया पंडित संजय मेहता को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भोपाल के अंजनी सभागार रविंद्र भवन में साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें देश और प्रदेश के सम्मानों से विभूतियां को नवाजा गया। इस समारोह में संस्कृति संचालक एन पी नामदेव,साहित्य अकादमी निदेशक विकास दुवे और मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर सुशील दोषी उपस्थित रहें। जिन्होंने राष्ट्रीय और प्रादेशिक सम्मानों से रचनाकारों का सम्मान किया। हरि कृष्ण प्रेमी सम्मान जो नाटक रचना के लिए दिया जाता है प्रसिद्ध रंगकर्मी एंव सिरोंज सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ महंत संजय मेहता को प्रदान किया ।

जो उनके नाटक मरघटा खुला है के लिए प्रदान किया गया। जिसमें प्रशस्ति पत्र और 51000 की राशि प्रदान की गई। पं संजय मेहता अभिनेता निर्देशक के साथ-साथ नाटककार भी है उनके चार नाटक प्रकाशित है शिवोहम,संत कबीर,संत तुकाराम,मरघटा खुला है। उन्होने कहा कि यह नाटक एक व्यंग नाटक है जो अपने में केंद्रित व्यक्ति पर और समाज पर कटाक्ष करता है वह कहता है कि व्यक्ति ने छोटे-छोटे मरघटे अपने आसपास खोल लिए है। शमशान जहां पर व्यक्ति का जीवन खत्म होता है वहां से मनुष्य अपने जीवन की शुरुआत कर रहा है यह नाटक व्यक्ति को चिंतन के लिए मजबूर करता है।




#### 81 रचनाकारों को अखिल भारतीय, प्रादेशिक और बोली भाषा पुरस्कारों से किया सम्मानित

मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के वार्षिक अलंकरण समारोह में विभिन्न विधाओं से जुड़े कुल 81 रचनाकारों को अखिल भारतीय, प्रादेशिक और बोली-भाषा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला तथा संचालक संस्कृति विभाग एन पी नामदेव उपस्थित रहे। समारोह में पद्मश्री सुशील दोषी को आत्मकथा ‌आंखों देखा हाल‌ के लिए ‌विष्णु प्रभाकर पुरस्कार‌, अभिनेता और लेखक संजय मेहता को नाटक विधा में ‌हरिकृष्ण सरे पुरस्कार‌, और लेखक पंकज शर्मा को कहानी संग्रह ‌खिड़कियां‌ के लिए ‌गजानन माधव मुक्तिबोध पुरस्कार‌ प्रदान किया गया। इसी क्रम में कवि प्रवीण गुगनानी बैतूल और डॉ. रामनिवास मानव हरियाणा को कविता श्रेणी में, जबकि नमिता राकेश हरियाणा को गीत-गजल श्रेणी में अखिल भारतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अनुवाद श्रेणी में मीना नवीन अंबाला और कमल किशोर दुबे भोपाल को पुरस्कृत किया गया, वहीं डॉ. अमिला खरे ग्वालियर को आत्मकथा श्रेणी में वर्ष 2023 का पुरस्कार मिला।

#### मप्र में सबसे अधिक साहित्यिक पुरस्कार देने की परंपरा

*कार्यक्रम में वर्ष 2022 और 2023 के अखिल भारतीय एवं प्रादेशिक पुरस्कारों के अलावा मालवी, निमाड़ी, बघेली और बुंदेली जैसी छह क्षेत्रीय बोलियों के साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। संस्कृत विभाग के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा कि पूरे देश में सबसे अधिक साहित्यिक पुरस्कार देने की परंपरा मध्यप्रदेश ने स्थापित की है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता का प्रतीक है। समारोह में वर्ष 2022 और 2023 के अखिल भारतीय पुरस्कारों के तहत कथा, कविता, उपन्यास, आलोचना, संस्मरण, यात्रा-वृत्तांत, अनुवाद, गीत-नाटक और समालोचना जैसी विधाओं के रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रादेशिक पुरस्कार मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों के चयनित साहित्यकारों को दिए गए।*

### पर्व की तैयारियो में जुटे जैन समाज

# ‘पर्यूषण का मूल उद्देश्य आत्मा को शुद्ध बनाने के लिए आवश्यक उपक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना’

## पूजन पाठ और स्वाध्याय प्रवचनों को लेकर बच्चों को घरों में कराया जा रहा अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




जैन समाज के पयुर्षण पर्व प्रारंभ होने जा रहे है। तो वही पयुर्षण पर्व की तैयारियो को लेकर जैन मंदिरो में समाजजनो द्वारा विशेष साज-सज्जा के साथ समाज जनो के घरो में भी विशेष तैयारिया की जा रही है। इस दौरान पयुर्षण पर्व को लेकर माता-पिता अपने बच्चों का पर्व के महत्व को बता रहें है। साथ ही जैन मंदिरों में 10 दिनो तक होने वाले कार्यक्रमो को लेकर बच्चों को पूजन पाठ और स्वाध्याय प्रवचन करने का घरों में अभ्याय कराया जा रहा है। तो वही वरिष्ठ समाजसेवी डॉ एम.एल जैन,श्रीमति मनोबाला जैन अपने पौते तनय जैन को स्वाध्याय व मंदिर में होने वाले प्रवचनो का अभ्याय करा रहें है। साथ ही तनय जैन के पिता पत्रकार शोभित जैन,श्रीमति सुप्रिया जैन द्वारा घण्टों बच्चो का अभ्याय कराया जा रहा है। जिससे इन दस दिनो के पयुर्षण पर्व के दौरान मंदिरो में बच्चे विभिन्न कार्यक्रमो में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर श्रीमति मनोवाला जैन ने पयुर्षण पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यूषण पर्व,जैन समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है। जैन धर्मावलंबी भाद्रपद मास में पर्यूषण पर्व मनाते हैं। ये पर्यूषण पर्व 10 दिन चलते हैं। 12 वें दिन जैन धर्म के लोगों का महत्वपूर्ण त्यौहार संवत्सरी पर्व मनाया जाता है। इस दिन यथा शक्ति उपवास रखा जाता है। पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर संवत्सरी क्षमायाचना पर्व मनाया जाता है। इन 10 दिनों में श्रावक अपनी शक्ति अनुसार व्रत-उपवास आदि करते है। ज्यादा से ज्यादा समय भगवन की पूजा-अर्चना में व्यतीत किया जाता है। साथ ही जैन ग्रन्थ,कल्पसूत्र जैन का इन 10 दिनों मे वाचन किया जाता है। तो वही सुबह एवं शाम को प्रतिक्रमण करते हुए पूरे साल मे किये गए पाप और कटू वचन से किसी के दिल को जानते और अनजाने ठेस पहुंची हो तो क्षमा याचना करते है और एक दूसरे को क्षमा करते है और एक दूसरे से क्षमा माँगते है और हाथ जोड कर गले मिलकर मिच्छामी दूक्कडम करते है। वही वरिष्ठ समाजसेवी डॉ एम.एल जैन ने कहा कि पर्यूषण पर्व मनाने का मूल उद्देश्य आत्मा को शुद्ध बनाने के लिए आवश्यक उपक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। पर्यावरण का शोधन इसके लिए वांछनीय माना जाता है। आत्मा को पर्यावरण के प्रति तटस्थ या वीतराग बनाए बिना शुद्ध स्वरूप प्रदान करना संभव नहीं है। इस दृष्टि से‌कल्पसूत्र‌ या तत्वार्थ सूत्र का वाचन और विवेचन किया जाता है और संत-मुनियों और विद्वानों के सान्निध्य में स्वाध्याय किया जाता है। पूजा, अर्चना, प्रतिक्रमण, सामायिक समागम, त्याग, तपस्या, उपवास में अधिक से अधिक समय व्यतीत किया जाता है और दैनिक व्यावसायिक तथा सावद्य क्रियाओं से दूर रहने का प्रयास किया जाता है। संयम और विवेक का प्रयोग करने का अभ्यास चलता रहता है।

### विघ्न विनाशक स्थापना, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## अंचल में घर-घर विराजे गजानन सजी आकर्षक झांकियां व पांडाल

**सिरोंज।** विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश जी की चरण वंदना कर गुरूवार को घट स्थापना की गई। श्रीजी को शहर में एक-दो स्थान पर नहीं बल्कि हर गली में बड़े-बड़े पंडाल लगाकर विराजमान किया गया है। गजानन को युवाओं की टोली गाजे-बाजे और गुलाल उड़ाते हुए पूरे श्रद्धाभाव से लेकर आई। अल सुबह से शुरू हुआ लंबोदर को लाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। गणेशोत्सव के दौरान इस बार लोग जागरूक नजर आए। भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाएं लाने के बाद विधि-विधान से सभी पंडालों में उनकी प्रतिष्ठा कराई गई। श्रीजी के दरबार में तब्दील हुए पंडालों में मंत्रोच्चार के बाद भगवान को मोदक का भोग लगाकर आरती की गई और दस दिवसीय गणेशोत्सव का शंखानाद कर दिया। शाम ढलने पर शहर के लोग घरों से निकले और जगह-जगह सजे भगवान के दरबार में माथा टेकने पहुंच गए। आकर्षक साज-सज्जा को देखकर लोग उत्साहित थे और बारी-बारी से सभी पांडालों में पहुंचकर अलग-अलग रूप में विराजमान श्रीजी के दर्शन किए। भगवान श्री गणेश के दरबार शहर में बड़े-बड़े पांडालों के अलावा घरों में भी सजाए गए। हर घर में भगवान श्रीगणेश की छोटी-छोटी प्रतिमाएं लाकर स्थापित की गई और लोगों ने पूजा-अर्चना कर व्रत रखें। कुछ लोगों ने घरों में ही मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमाएं बनाकर स्थापित की है।

### डाकघर उप संभाग में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का अधीक्षक ने किया सम्मान

## डाक कर्मियों की व्यवसाय अर्जित व समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज डाकघर परिसर में डाकघर उप संभाग के डाक कर्मचारीयों का व्यवसाय अर्जित व समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिरोंज,लटेरी,कुरवाई व मंडी बामोरा के सौ से अधिक ग्रामीण डाक कर्मचारीयों की उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक में विदिशा डाकघर संभाग के अधीक्षक टी एस भील की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। तो वही कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विदिशा डाकघर अधीक्षक टी एस भील ने कहा कि सिरोंज उप संभाग श्रेष्ठ कार्य कर रहा है किंतु इसके उपरांत भी सुकन्या समृद्धि योजना खाता खोलने हेतु विशेष अभियान और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। हमे सुकन्या समृद्धि योजना खातो के साथ साथ प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना,ग्रामीण डाक जीवन बीमा आदि का लाभ स्थानीय लोगों, आधिकारियों, आंगनबाड़ी के सहयोग से आम जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर डाकघर उप संभाग में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को अधीक्षक द्वारा सम्मानित भी किया गया। तो वही मीटिंग में निरीक्षक डाकघर उप संभाग अंकित जैन ने इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य पूर्ति का विवरण सभी के बीच में रखते हुए प्रत्येक शाखा डाकघर की समीक्षा की। इस मौके पर विदिशा से आए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय यादव तथा सिरोंज उप डाकघर के उप डाकपाल राजेन्द्र खोड़के मुख्य रूप से उपस्थित थे।




### खबर संक्षेप

#### औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट का आमंत्रण

**सागर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सागर जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र पटनाककरी, रहली, जिला सागर में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 1 सितम्वर प्रातः 11 बजे से 15 सितम्वर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल एमपीएमएसएमई.गोव.इन पर संपादित की जाएगी। प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा, आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी (प्रीमियम) की 25% अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी, भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट एमपीएमएसएमई.गोव.इन से प्राप्त की जा सकती है।

#### गोशाला में तैयार होने लगी सरदर्द की बाम

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गौशाला संचालक महिलाओं को तीन दिवसीय गोशाला में तैयार होने वाली उत्पाद निर्माण पर प्रशिक्षण कराया गया इस प्रसिद्ध प्रशिक्षण की पूर्ण होने के उपरांत विकासखंड केसली स्थित ग्राम मोहली की गोशाला में महिलाओं ने दुर्गा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष निशा देवी के साथ मिलकर सर दर्द बदन दर्द घुटना दर्द में लगाई जाने वाली बाम बनाने का काम आज से शुरू किया। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में आयोजित बैठक में उन्होंने इच्छा जाहिर की थी कि महिलाएं अपनी गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाएं वे केवल सरकार के अनुदान पर निर्भर रहकर गौशाला का संचालन ना करें इसी आशय को पूरा करने के लिए महिलाओं को विभिन्न उत्पाद निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।



## 108 रोगियों का निशुल्क आयुर्वेद व योग प्रशिक्षण एवं परामर्श संपन्न

**सागर।** गणेश चतुर्थी के पुनीत अवसर पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 144 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 108 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ. राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। योग प्रशिक्षण, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई । शिविर में 15 रक्तालप्ता, 48 रक्त शर्करा, 52 यूरिक एसिड, 60 बी एम डी हड्डी व 42 मांसपेशियों की जांच की गई। यह शिविर प्रातः शिवोम शान्ति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र 5 सिविल लाइन सागर के परिसर में किया गया। इस अवसर पर रजाखेड़ी, मकरोनिया, तिली एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में वीरेंद्र गोस्वामी, अंकित, सत्येश शुक्ला, दीपक मिश्रा, अर्पित देसाई, सोनू साहू, अजय द्विवेदी, यशवंत कुमार, लोकेश साहू, नीलेश जैन, राजेंद्र रावत का सहयोग रहा। इस अवसर पर हमारे शिविर में निरंतर भाग ले रहे किशन घ्यानी एवं स्व ज्ञान सिंघ पिंजवानी दुर्घटना से मृत्यु होने पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। आयकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पंडित संतोष दुबे द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। 145वा शिविर का आयोजन 24 सितम्बर को किया जायेगा।

## समय के सम्मान से मिलती है सफलताः सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

युवा नेता अविराज सिंह ने बसिया गौड़, धनौरा, सिलौधा और बरोदिया नौनागिर के शासकीय विद्यालयों में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रमों में संबोधित करते हुए कहा कि कैसे एक बेहतर इंसान बनें हमेशा अपने बारे में अच्छा सोचें। महाभारत में कहा गया है कि कोई भी युद्ध, युद्ध के मैदान में लड़े जाने से पहले मन में जीता जाता है। इसलिए, पहले अपने बारे में सोचा करें कि आप जीवन में आगे बढ़ गए हैं। आपके सपने पूरे हो गए हैं। फिर आपके सपने अपने आप पूरे हो जाएँगे। हमें इसके लिए प्रयास करते रहना होगा। यही हम सब युवाओं का सपना है। अविराज सिंह ने कहा कि हमें अपनी विधानसभा क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। हमें अपने क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। हमें युवा, बुजुर्ग, माताएँ का सम्मान करना होगा। हमें उनका आशीर्वाद निरंतर प्राप्त करना होगा। जैसा कि हम बचपन से सुनते आ रहे हैं, ऐसी वाणी बोलो, मन शांत हो जाए यह दूसरों को ठंडक देगा, यह आपको भी ठंडक देगा।

उन्होंने कहा कि हमारी विधान सभा में निरंतर विकास हो रहा है। भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से, आपकी पंचायत में, 4.59 करोड़ रुपये की राशि से, बांदरी-जरुआखेड़ा सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लंबाई 24 किलोमीटर है, पूरा हो गया है। यह भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से पूरा हुआ है। बसिया गौड़ गाँव में, शास्त्रीय कन्या माध्यमिक शाला में, हाई स्कूल में, उन्नयन और भवन निर्माण के लिए, भूपेन्द्र भैया ने 1 करोड़ रुपये की राशि दी है। आपके भूपेन्द्र भैया के प्रयासों से बहुत सारे विकास कार्य हुए हैं, जिसमें बीना नदी सिंचाई परियोजना, हम सभी का सपना था और जल्द ही, आप सभी के खेतों में, बीना नदी सिंचाई परियोजना का पानी भी आएगा जिससे खेतों में सिंचाई होगी। हनौता बांध परियोजा और उल्दन बांध परियोजना भी आपके भूपेन्द्र भैया ने स्वीकृत कराईं है। खुरई विधानसभा क्षेत्र में दो महाविद्यालयों का निर्माण हुआ है। खुरई नगर पालिका की सीमा का विस्तार किया गया है। जब से भूपेंद्र भैया विधायक बने हैं, उन्होंने 100 गाँवों को शहर बनाने का काम किया है। नगर परिषद के माध्यम से, अब गांवों का भी शहरों की तरह विकास हो रहा है। अपनी विधानसभा में भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाया है, और 500 मंदिरों का निर्माण कराया है। तालाबों का सौंदर्यीकरण कर उन्हें गहरा किया गया है, नए तालाबों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, 60,000 आवासों का निर्माण किया गया है।

युवा नेता अविराज ने कहा कि खुरई विधानसभा में, कुछ दिन पहले,एक दिन में, राज्य और विश्व के भविष्य के लिए हमने 60,000 पेड़ लगाए। विकास की यात्रा जारी है, और हमारी विधानसभा निरंतर प्रगति कर रही है।

## श्री बटुकेश्वर महादेव मंदिर में हुआ कजरी तीज पर फुलेरा का आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के मुख्य बाजार स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में विराजमान श्री बटुकेश्वर महादेव मंदिर में कजरी तीज के अवसर पर फुलेरा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सोनी स्वाजातीय महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर फुलेरा सजाया,ओर पति की लंबी आयु के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना कर कीर्तन किया। पंडितो द्वारा व्रत के संबंध में बताया कि महिलाओं द्वारा कजरी तीज का व्रत रखने से पति की उम्र बढ़ती है और कुवारी लड़कियों को अच्छा पति मिलता है। भादो मास के कृष्णपक्ष की तृतीया को मनाई जाने वाली इस तीज को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है। साल में खासतौर पर 3 बार तीज का त्योहार मनाया जाता है। पहली गणगौर तीज,दूसरी कजरी तीज और तीसरी हरितालिका तीज। भादो मास के कृष्णपक्ष की तृतीया को मनाई जाने वाली तीज को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है। इसे बूढ़ी तीज और सातूड़ी तीज जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस बार कजरी तीज 26 अगस्त मंगलवार को मनाया गया। यह व्रत महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, और वैवाहिक जीवन को अच्छा रखने के लिए भगवान शंकर और माता गौरी की पूजा अर्चना करती है। रात मे महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर फुलेरा सजाया और रात मे चारों पहर विशेष हवन भी किए साथ ही रात्रि में जागरण करके भजन कीर्तन किए।



## नवनियुक्त जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने ली कांग्रेस कार्यालय में पहली बैठक

**सागर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। साथ ही जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्षद दल, मोर्चा संगठन अध्यक्ष गण, एवं वरिष्ठ नेताओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गईं। बैठक में शहर की जनसमस्याओ को लेकर पार्षद दल के सुझाव लिए गए। साथ ही 28 अगस्त को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने की बात की गई, जिला अध्यक्ष जाटव ने मोर्चा संगठन अध्यक्षों से आगामी एक माह की कार्य योजना कांग्रेस कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करने को कहा। आगामी 1 सितंबर को वोट अधिकार यात्रा वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे के समर्थन में निकाली जाएगी। अध्यक्ष महेश जाटव ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस में महिलाओं के विशेष सम्मान का ध्यान हमेशा रखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेसियों से पूरे अनुशासन पद्य तरीके से कार्य करने की अपील की है। बैठक का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने किया आभार आनंद हेला ने माना। बैठक मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, अमित रामजी दुबे, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, जिला प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, पप्पू गुप्ता, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल चौबे, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, पार्षद ताहिर खान, शिव शंकर गुड्डु यादव, सुलेखा राकेश राय, शशि जाटव, रिचा सिंह, रोशनी वसीम खान, नीलोफर चमन अंसारी, दीनदयाल तिवारी, पूर्व पार्षद भैय्यन पटेल, पूर्व पार्षद भैय्यन पटेल,समीर खान, योगराज कोरी, आंनद हैला, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू, नीलेश अहिरवार, अक्षत कोठारी, सुरेश पंजवानी, विनोद रैकवार आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### उद्यमिता पखवाड़ा में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने जागरुक किया

# आत्मनिर्भर भारत का मंत्र-नौकरी मांगने नहीं, नौकरी देने की सोच अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

एल्कोनहाइट सीनियर सेकंडरी स्कूल, स्वावलंबी भारत अभियान एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में स्वावलंबी भारत अभियान के केंद्रीय उद्यामिता प्रशिक्षण टोली सदस्य करण श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल नौकरी मांगने वाली सोच नहीं, बल्कि नौकरी देने वाली सोच अपनानी होगी।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार नामदेव ने कहा कि यह आयोजन देश में युवाओं के भीतर उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करने, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने, और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। प्रांत युवा आयाम टोली सदस्य सौरभ रांधेलिया एवं जिला सह संयोजक सुनील सागर ने कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक संस्कार है जिसे अपनाकर हम न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारतीय उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बना सकते हैं।जिला टोली सदस्य अखिलेश समैया ने कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमिता की मूल बातें, बाज़ार की समझ, ग्राहक की आवश्यकता, ब्रांडिंग, और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर व्यापार के प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिए गए।विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. संजीव राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में उद्यमिता का बीज बचपन से ही बोना चाहिए ताकि वे भविष्य में केवल एक डिग्रीधारी न बनकर, समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणास्रोत बन सकें। विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति राठौर ने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और जीवन कौशल देना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने छात्रों से कहा कि पढ़ते-पढ़ते कमाना सीखें।




# पांडालों में विराजे मंगल मूर्ति श्रीगणेश, श्रीगणेशोत्सव प्रारंभ

## गाजे-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ प्रतिमाएं ले जाने का रहा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय संस्कृति में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की स्थापना का धार्मिक और राष्ट्रीय त्यौहार बुधवार गणेश चतुर्थी से प्रारंभ हुआ। दस दिवसीय गणेशोत्सव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भगवान गणेश की स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं बाजारों में मूर्तियों की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही श्रद्धालु शुभ-मंगल के दाता भगवान गणेश प्रतिमाएं लेने के लिए शहर के मूर्तिकारों के यहां पहुंचने लगे थे।

गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से झांकी पंडाल गूंजते रहे। श्री गणेश गणपति को मोदक सेव का भोग लगाकर की गई पूजा अर्चना।कई ग्रामीण अंचलों से रायसेन मूर्तिकारों के घर दुकानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मूर्तियाँ ले जाई जा रही थीं। वहीं कुछ श्रद्धालु मोटरसाइकिल पर तो भक्त कार ऑटो में मूर्तियां लेकर जाते नजर आए। शुभ मुहूर्त में पंडालों में पूरे विधि विधान से विराजे विघ्नहर्ता भगवान लंबोदर।



## श्री गणेशोत्सव की प्रतिमाओं की हुई स्थापना

बरेली। बुधवार को भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ और इस बार बुधवार को ही श्री गणेश चतुर्थी की तिथि के कारण श्री गणेश भक्तों में गणेशोत्सव मनाने, प्रतिमाएं ले जाने, शुभ मुर्हूत में स्थापना करने भारी उत्साह का माहौल मंगलवार को ही शुरू हो गया था। प्रतिमाएं बैंचने वाली दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ती रही। मनपसंद श्री गणेश प्रतिमाए घरों-घर ले जाने उत्साह बना रहा।

नगर के विभिन्न हिस्सों में 50 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर झांकी पंडाल बना कर सुबह से रात्रि तक सिलसिला बना रहा। समितियां ढोलबाजों, डीजे के साथ प्रतिमाएं ले जाते रहे।

### छोटे बाजार में सबसे बड़ी प्रतिमा

*नगर के छोटे बाजार में मुंबई के लाल बाग के राजा की तर्ज पर विशाल भव्य प्रतिमा स्थापना और उसी के अनुसार विशाल पंडाल का निर्माण किया गया है। इसी के साथ नाहर कॉलोनी, नाहर नगर, किनगी रोड, बस स्टेण्ड, चैनपुर रोड, प्रेम नगर कॉलोनी, चौधरी चौक, होली चौक, पशु चिकित्सालय रोड, बडा बाजार में 50 से अधिक स्थानों पर मंगलमूर्ति, प्रथम पूज्य श्री गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित करने के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरूआत हो गई है।*

## गणेशोत्सव शुरू : नगर में 30 से अधिक स्थानों पर विराजे गौरी नंदन

सिलवानी। गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयकारे के साथ नगर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत श्रद्धा व उल्लास के साथ हो चुकी है। शुभ मुहूर्त में बुधवार को भगवान लंबोदर की प्रतिमाओं की स्थापना की गई, जो विभिन्न स्थानों पर भक्तों की आस्था का केंद्र बनी हुई हैं। नगर में 30 से अधिक स्थानों पर गणपति बप्पा की प्रतिमाएं की गई हैं । प्रतिदिन भव्य पूजन, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगरवासी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव से भगवान गणेश की सेवा व भक्ति में लीन हैं।

## प्रतिमाएं लेने दुकानों पर भक्तों की रही भारी भीड़, पांडालों में विराजे बप्पा

दीवानगंज। श्रीगणेश चतुर्थी को लेकर कस्बा में दिनभर रौनक रही। बाजारों में महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने गणेश मूर्तियां व उसके पूजन के सामान की खरीदारी की। इस बार इको फ्रेंडली यानी पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों की मांग ज्यादा अधिक रही। अंबाडी के अयोध्या धाम मंदिर चौराह पर प्रजापति समाज के प्रतिमा कलाकारों ने अपनी दुकान लगाई हुई थी जहां पर मिट्टी के गणेश की खरीददारी करते लोग दिखे। मिट्टी से बने गणपति की प्रतिमा घर घर में स्थापित कर पर्यावरण की रक्षा का आम जनों ने संदेश दिया। बाजार में बच्चों से लेकर बड़ों तक विघ्नहर्ता गणेश जी की मूर्तियां अपने घरों को ले जा रहे हैं।




## नगर में घर-घर विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश

सांची। नगर में जगह-जगह गणपति महाराज स्थापित हो गए हैं गणपति महाराज के आने से नगर में रौनक आ गई है लोग ढोल नगाड़ों के साथ भगवान गजानंद की प्रतिमाओं को लेकर नृत्य करते हुऐ नजर आए बच्चों में एक अलग ही उत्साह है देखने को मिला। सांची में गणपति महाराज को बेचने के लिए स्टेशन रोड पर कई दुकानें लगी और उन दुकानों पर भगवान की प्रतिमाओं को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ गई गणपति भगवान की शाम समय में प्रतिमाएं कम पड़ गई छोटी बड़ी जो भी प्रतिमाएं थी उन सब की खरीदारी हो गई दुकानदारों मूर्तियों को दुगने दामों से भी अधिक दामों में बेचा।

---

## किसी ने सरकारी पुलिया पर बनाई पार्क, तो किसी ने तान दी अपनी दुकानें

# भू-स्वामी के रिकॉर्ड में शेष रहती है जमीन सरकारी-नालों की जमीन की हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जमीन भू-स्वामी के रिकार्ड के हिसाब से ही रहती है। सरकारी और नालों की भी बिक्री हो जाती है। एक जमाना था जब बड़े बड़े नाले हुआ करते थे। भारी बारिश के दौरान पानी पूर आने पर वह नदियों के समान दिखाई देते थे। जैसे शहर की कच्ची पुलिया तहसील कार्यालय के सामने और पक्की पुलिया, नाला भारत नगर आदि शामिल हैं। इन दोनों बड़े नालों के आसपास किसानों की जमीन लगी है।

किसानों द्वारा कालोनाइजरों को महंगे दामों में जमीन बेच दी। इसके बाद कालोनाइजरों द्वारा इन जमीनों पर भारत नगर कॉलोनी, फेस 1, 2 और कच्ची पुलिया के आसपास न्यू तहसील कॉलोनी वार्ड 9 विकसित कर दी गई है। करीब 2 से 3 दशक पहले कई बड़े नाले थे, लेकिन अब नजर नहीं आते वहां अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। इसमें राजस्व, नपा के अधिकारियों की अनदेखी उदासीनता सामने आ रही है।

सेवा निवृत्त नायब तहसीलदार आरएन सिंह बताते हैं कि जमीन मालिक या तो अपनी जमीन पर खुद ही कॉलोनी काट देते हैं या फिर कुछ जरूरत के मुताबिक छोटे-छोटे प्लॉट का विक्रय करते जाते है। ऐसे में समय के साथ पूरा रहवासी क्षेत्र विकसित होता जाता है। वह बताते है कि जब कोई भू-स्वामी अपनी जमीन का एक हिस्सा बेचता है तो राजस्व रिकार्ड में विक्रेता के नाम उतना रकबा दर्ज हो जाता है और वह भू-स्वामी के हिस्से से कम कर दिया जाता है। जबकि प्लॉट के साथ ही दर्शाई गई सड़क आदि की जमीन का राजस्व रिकार्ड में संधारण नहीं किया जाता है।

ऐसे में पूरी जमीन बेचने के बाद भी उसके खाते में सड़कों आदि के लिए छोड़ी गई जमीन का रकबा शेष बना रहता है। ऐसे में यदि उसकी जमीन के पास कोई सरकारी जमीन है या फिर वहां से नाला आदि निकला होता है, वह उसमें भी प्लॉट दे देते है और ऐसे में यह परेशानी सामने आती है।

बारिश के साथ ही घरों से निकलने वाले निस्तार के पानी के लिए शहर के चारों ओर राजशाही दौर से ही नालों की व्यवस्था की गई। शहर के यह नाले प्राकृतिक रूप से तैयार थे, लेकिन आहिस्ता आहिस्ता इन बरसों पुराने शहर के सभी छोटे बड़े नालों पर अतिक्रमण होता चला गया।






### सांची रोड स्थित भारत नगर कॉलोनी में पक्की पुलिया के नाले के ऊपर बना दी पार्क

*भारत नगर के कालोनाइजर द्वारा पक्की पुलिया के नाले पर पार्क विकसित कर दिया। रही सही कसर एक ईसाई मिशनरी के स्कूल द्वारा नाले पर अतिक्रमण कर बाउंड्री बना ली है, जिससे पक्की पुलिया का नाला संकरा हो गया है। कमोवेश यही हालत कच्ची पुलिया की हो चुकी है। इसी तरह बिजली विभाग के सामने सेंट्रल बैंक के बाजू में एक मकान मालिक द्वारा नपा के नाले पर अतिक्रमण कर एक दुकान और गोदाम का निर्माण कर लिया। नाले पर अतिक्रमण होने की समस्या अर्जुन नगर के निचले क्षेत्रों में बारिश में जलभराव की समस्या जस की तस बनीं हुई है।वर्तमान में हरेक नाले कच्चे पक्के अतिक्रमण की चपेट में है।परिणामस्वरूप शहर के आधे से ज्यादा नई पुरानी विकसित कालोनियों में जल भराव की वजह से कॉलोनी के रहवासी परेशान हो उठते हैं। इसमें कुछ जगह तो कॉलोनी के पास प्लॉट लेने वालों ने नालों पर दुकान बनाकर अव्यवस्था फैला दी है। कुछ जगह राजस्व विभाग के आला अफसरों की ढील सामने आई है।इसमें काटी गई कालोनियों में सड़क और नाली निर्माण के लिए छोड़ी गई जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं करने का मामला सामने आया है।यह परेशानी बताई जा रही है।इस साल कभी रिमझिम तो कभी जोरदार बारिश से जल भराव के हालात बने हुए हैं ।*

### नक्शे से देखे जाएंगे पुराने नाले

*इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव का कहना है कि जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने शहर के पुराने नजूल विभाग , राजस्व विभाग के नक्शे के हिसाब से नालों की जानकारी करने एवं संबंधित पटवारी से उसका खसरा और रकबा निकलवाने के बाद राजस्व विभाग की मदद से सभी को नोटिस देने की बात कही है। उनका कहना है कि शहर में जलभराव की समस्या बढ़ती जा रही है। इसके लिए प्रशासन ने भी कार्रवाई के निर्देश दिए है।*

### इनका कहना है

सरकारी नालों पर अतिक्रमण कर दुकानों के निर्माण,भारत नगर में पक्की पुलिया पर अवैध पार्क निर्माण का अभी यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच कराए जाने के बाद नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन

---

## सलामतपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस गिरफ्त में, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले की सलामतपुर थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला वर्ष 2024 का है, जब नाबालिग के परिजनों ने पुलिस में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और हेड कांस्टेबल दिनेश राजपूत शामिल थे। पुलिस ने नाबालिग की तलाश में लगातार प्रयास जारी रखे।

जांच के दौरान आरोपी राकेश नाथ (22) पिता हीरू नाथ, निवासी तुमडा, थाना खजूरी, जिला भोपाल नाबालिग को तीन माह पूर्व भोपाल में छोड़कर फरार हो गया था। नाबालिग जब अपने परिजनों के पास पहुंची तो पुलिस ने उसे दस्तयाब किया। चिकित्सकीय जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ— आरोपी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर दिया।



आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि वह रायसेन के गोपालपुर इलाके में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे सीधे जेल भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में एक बार फिर यह संदेश गया है कि महिला एवं नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## सांसद भारत सिंह कुशवाहा का रायसेन आगमन पर कुशवाहा समाज ने किया फूलमालाओं से स्वागत

रायसेन। भोपाल से विदिशा जिले के की नटेरन तहसील मुख्यालय पर आयोजित कुश जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे ग्वालियर के भाजपा सांसद भारत सिंह कुशवाहा का गोपालपुर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रायसेन कुशवाहा समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हारफूलों जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में भैयालाल कुशवाह एडवोकेट, भगवान सिंह कुशवाहा, हरिराम कुशवाहा, मूलचंद कुशवाहा, डिप्टी नरेश कुशवाहा, गणेशाराम कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष राजू कुशवाहा, महाराज सिंह कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग शामिल हुए।

---

## सर्वोदय स्कूल में हुई मिट्टी के श्रीगणेश बनाने की प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था सर्वोदय पब्लिक स्कूल सीबीएसई सलैया में माटी के गणेश सिद्ध गणेश, छात्रों के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न आकार प्रकार की गणेश प्रतिमाओं का अपने हाथों से निर्माण किया गया। संचालक हर्ष राजपूत ने बताया कि छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ स्वंय अपने हाथों से श्री गणेश प्रतिमाएं बना कर धार्मिक परंपरा और संस्कृति से जोडने का प्रयास किया गया। घरों में मिट्टी से बने श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ रासायनिक रंगो से होने वाली हानि से बचा जा सकें। छात्रों द्वारा प्रतियोगिता के दौरान मिट्टी की प्रतिमाए निर्माण कर अपनी सृजनात्मक क्षमता का प्रर्दशन किया गया।

## हरितालिका तीज: सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर की शिव-पार्वती पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज का पर्व बड़े श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। वहीं, अविवाहित कन्याओं ने मनचाहा वर प्राप्ति के लिए व्रत कर विधि-विधान से पूजन किया।

नगर के विभिन्न मंदिरों में मंगलवार को दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दिन में प्रमुख रूप से बरेली का प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और शिव मंदिर , प्रेम नगर कॉलोनी का शिव मंदिर , पिपलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही महिलाएं नए वस्त्र और पारंपरिक श्रृंगार कर मंदिरों में पहुंचीं। शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजन-अर्चन का आयोजन हुआ। महिलाओं ने गणेश पूजन के बाद पार्वतीजी के साथ भगवान शिव का पूजन कर कथा सुनी। हरितालिका तीज व्रत में महिलाएं पूरे दिन बिना अन्न-जल ग्रहण किए निर्जला व्रत रखती हैं। रातभर जागरण कर भजन-कीर्तन भी किया। इस मौके पर घरों व मंदिरों में विशेष सजावट की गई।

---

## शांति समिति की बैठक में धार्मिक त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील

### रात 10 बजे तक बजेंगे लाउड स्पीकर, कार्यक्रमों की सूचना जरूरी

◆ रात्रि 10 बजे तक बज सकेंगे लाउड स्पीकर, झांकी पांडालों में रहगे दो सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



थाने में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर्यूषण पर्व, डोल ग्यारस और मिलाद उन नबी के त्योहार शांतिपूर्वक सदभाव के साथ मनाने की चर्चा और निर्णय लिए।

बैठक में कहा कि बिना पूर्व सूचना कोई कार्यक्रम न हो, रात्रि 10 बजते ही लाउड स्पीकरों का उपयोग हो, रात्रि में झांकी में 2 लोग उपस्थित रहे। बैठक में एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती ने कहा कि आपसी सामन्जस्या, सदभाव और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने से अनंद और उत्साह बढ़ता है। सुरक्षा प्राथमिक की प्राथमिकता है। लैंगिक नागरिक और समितियां भी अपनी जिम्मेदारी निभाए। कहा कि रात्रि 10 बजे तक नगर में एवं ग्रामीण क्षेत्र में 11 बजे तक लाउड स्पीकरों का उपयोग न हो। समितियां भजन या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन से पूर्व सूचना थाने में दें। पुलिस की गस्त बनी रहेगी।

बैठक में एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, नपं. के सीएमओ हरिशंकर वर्मा, एमपीईबी के जेई आरपी शर्मा, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, मुस्लिम त्योहार कमेटी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## जामवंत की गुफा में हुआ था श्रीकृष्ण और जामवंत के बीच युद्ध

# चतुर्थी को कलंक निवारण प्रार्थना के लिए करते हैं नारियल भेंट

◆ जामवंत की पुत्री जामवंती से हुआ था श्रीकृष्ण का विवाह इसी कारण श्रीकृष्ण की ससुराल से भी जाना जाता है जामगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर से 15 किलोमीटर एवं खरगोन से 6 किमी दूर विंध्य पर्वत में जामवंत की गुफा है। जहाँ स्मयंतक मणि की चोरी का कलंक श्रीकृष्ण पर लगा और जामवंत एवं श्रीकृष्ण के बीच गुफा में युद्ध हुआ था। भाद्रपक्ष की गणेश चतुर्थी को चन्द्रदर्शन निशिद्ध है। इससे मिथ्या कलंक लगता है। इसी कारण मिथ्या कलंक से निवारण के लिए श्रद्धालुओं द्वारा गुफा में श्रीकृष्ण, जामवंत श्रीगणेश को नारियल भेंट कर कलंक निवारण की प्रार्थना करते है। जामवंत की पुत्री जामवंती से श्रीकृष्ण ने विवाह किया था। इसी कारण जामगढ़ को श्रीकृष्ण का ससुराल भी कहा जाता है।

### ऐतिहासिक प्राचीन जामगढ़ और भगदेई

जामगढ़ और भगदेई अपनी ऐतिहासिकता प्राचीनता के लिए हमेशा इतिहासकारों के लिए खोज का विषय रहे है। तीन तालाब है। पहाडी पर शिव गुफा में भगवान शंकर विराजे है। जहॉं बारह महिनों जल भरा रहता है। जामवंत की गुफा के साथ सदियों पुराना माँ कामाख्या देवी का तांत्रिक मठ है। भगदेई में खजुराहों शैली का शिव मंदिर है। जहॉं सूर्य की किरणें सबसे पहले शिवजी का अभिषेक करती है। जल प्रपात है। तालाब किनारे पत्थरों पर रीछडमल के पैर अंकित है। जामगढ़ में अनेक गुफाए भी है। भगदेई में भगदेवी का प्राचीन मंदिर होने के भी संकेत है।



### अबूझ शिलालेख गुफा में सोने का खजाना

*जामगढ़ के पं. कमल किशोर शर्मा बतलाते है, कि जामगढ़ और भगदेई अति प्राचीन ऐतिहासिक स्थल है। कहा कि स्मयंतक मणि जहॉं भी रहती थी, वहॉं सोने का भंडार बना रहता था। श्रीकृष्ण ने भाद्रपक्ष की चतुर्थी को चन्द्रमा के दर्शन किए इसी कारण उन पर मणि चोरी का मिथ्या आरोप लगा था, और गुफा में जामवंत एवं श्रीकृष्ण के बीच युद्ध हुआ था। स्मयंतक मणि गुफा में रहने के कारण गुफा में सोने का अकूत भंडार होने की किवदंती बनी हुई है। गुफा में लोगो ने खुदाई भी की। तालाब किनारे पत्थर पर पद चिन्ह और अबूझ भाषा का शिलालेख गुफा में सोने-चांदी होने का बीजक माना जाता है। इतिहासकार और पुरातत्वविद इस गुप्त लिपी को जानने समझने में सफल नहीं हुए है।*